NEW YORK STATE | Department of Environmental Conservation

# तथ्य शीट

**स्वैच्छिक सफाई कार्यक्रम**
(Voluntary Cleanup Program)

अप्रैल 2017

**77th Street Parking Lot**

**75-20Astoria Blvd.**
**Jackson Heights, NY 11370**

कार्यस्थल संख्या. **V00182**

**NYSDEC REGION 2**

## NYSDEC स्वैच्छिक सफाई स्थल पर हासिल की गई सफाई अपेक्षाओं को प्रमाणित करता है

New York State Department of Environmental Conservation (NYSDEC) ने संकल्प किया है कि New York State's Voluntary Cleanup Program (VCP) के अंतर्गत 75-20 Astoria Boulevard, Jackson Heights, NY पर स्थित 77th Street Parking Lot Site ("site") से संबंधित मलिनता के समाधान के लिए सफाई अपेक्षताओं को पूरा किया गया अथवा किया जाएगा। कृपया स्थल अवस्थिति के लिए मानचित्र देखें।

सफाई गतिविधियों का निष्पादन Bulova Corporation एवं LaGuardia Corporate Center Associates, LLC ("Volunteer") द्वारा New York State Department of Environmental Conservation (NYSDEC) की ओर से कराई गई निगरानी में किया गया। NYSDEC ने स्थल के संबंध में स्वयंसेवकों को पत्र जारी किया है। जारी पत्र और Final Engineering Report (FER) की प्रतियां जो स्थल सुधार की पूर्णता के दस्तावेजित करते हैं, "जानकारी कहां पाएं" के अंतर्गत पहचाने गए स्थान (स्थानों) पर उपलब्ध हैं।

**परियोजना की पूर्णता:** सुधारात्मक कार्रवाई लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निम्न गतिविधियां की गई अथवा पूर्ण की जाएंगी:

- भूगर्भजल संक्रमण के समाधान के लिए एक यथास्थान ("स्थान में") जैवोपचारण उपचार प्रणाली का प्रतिष्ठापन, परिचालन एवं रखरखाव;
- सघन गैर-जलीय प्रावस्था तरल (DNAPL) के अलग चरण के समाधान के लिए सह-विलायक से धुलाई का क्रियान्वयन;
- परिदृश्य क्षेत्र के 2 फीट ऊपरी हिस्से में खुदाई एवं स्थल से दूर मिट्टी का निपटान करना/ अत्यधिक प्रतिबंधित-आवासीय मृदा सफाई प्रयोजनों को पूरा करना;
- उपचार के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए अंतिम चरण के नमूने का संग्रहण एवं विश्लेषण;
- सभी जमीनी दखल गतिविधियों के दौरान स्वास्थ्य एवं सुरक्षा योजना और सामुदायिक वायु जांच योजना का कार्यान्वयन;
- एक अभियंत्रिकीय आवरण प्रणाली में डामर फुटपाथ और कंक्रीट की फुटपाथ, तथा/अथवा दो फीट साफ मिट्टी का प्रतिष्ठापन एवं रखरखाव शामिल होता है;
- अपशिष्ट मलिनता के दीर्घकालीन प्रबंधन के लिए स्थल प्रबंधन योजना (SMP) का प्रकाशन, जैसा कि प्रसंविदा प्रतिबंध द्वारा अपेक्षित है, जिसमें निम्न के लिए योजनाएं शामिल हैं:
(1) संस्थागत एवं अभियंत्रिकी नियंत्रणों (IC/ECs); (2) निगरानी; (3) परिचालन; और रखरखाव (4) रिपोर्टिंग
- स्थल पर बचे किसी अपशिष्ट संक्रमण के प्रति भविष्य के किसी अनावरण को रोकने के लिए और SMP के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए IC समेत एक प्रसंविदा प्रतिबंध को दर्ज करना

**अंतिम अभियंत्रिकी रिपोर्ट अनुमोदित:** NYSDEC ने FER को अनुमोदित किया है, जो:

- पूर्ण हो चुकी सफाई गतिविधियों का विवरण देती है।
- प्रमाणित करती है कि स्थल के लिए सफाई अपेक्षताओं को हासिल कर लिया गया है अथवा कर लिया जाएगा।
- प्रयोग होने वाले किसी संस्थागत अभियंत्रिकी प्रतिबंध का विवरण देती है। एक संस्थागत नियंत्रण एक प्रसंविदा प्रतिबंध के रूप में स्थल के प्रयोग पर एक गैर-भौतिकीय प्रतिबंध होता है। प्रयोग होने वाले किसी संस्थागत अभियंत्रिकी नियंत्रण का वर्णन करता है। एक संस्थागत नियंत्रण स्थल के प्रयोग पर एक गैर-भौतिकीय प्रतिबंध है, एक प्रसंविदा प्रतिबंध की तरह, जब सफाई कार्रवाई के बाद अवशेष मलिनता स्थल को कुछ उपयोगों के लिए उपयुक्त बना देती है, लेकिन सभी उपयोगों के लिए नही। एक अभियंत्रिकी नियंत्रण मलिनता प्रबंधन के लिए एक भौतिकीय बाधा अथवा पद्यति है जैसे एक ऊपरी आवरण अथवा वाष्प बाधा।
- स्पष्ट करता है कि स्थल पर प्रयुक्त किसी अभियंत्रिकी नियंत्रण के लिए एक SMP को NYSDEC द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**जानकारी कहां पाएं:**

*लोगों को अवगत रहने में सहायता के लिए परियोजना दस्तावेज निम्नलिखित स्थान (स्थानों) पर उपलब्ध हैं।*

**Queens Borough Public Library**
Jackson Heights Branch
35-5181st Street
Jackson Heights, NY 11372
(718) 899-2500

**Queens Community Board No. 3**
82-11 37th Avenue, Suite 606
Jackson Heights, NY 11372
(718) 458-2707

**NYSDEC, Region 2 Office**
47-40 21st Street
Long Island City, NY 11101
पहले से कॉल करें: (718) 482-4900

**किससे संपर्क करें:**

*टिप्पणियों एवं प्रश्नों का हमेशा स्वागत है और निम्न के अनुसार भेजे जाने चाहिए:*

**परियोजना-संबंधित प्रश्न:**
Bryan Wong, प्रोजेक्ट मेनेजर
NYSDEC, Region 2 Office
47-40 21st Street
Long Island City, NY 11101
(718) 482-4905
yukyin.wong@dec.ny.gov

**स्वास्थ्य-संबंधी प्रश्न:**
Dawn Hettrick
NYSDOH
Empire State Plaza
Corning Tower Room 1787
Albany, NY 12237
(518) 402-7860
beei@health.ny.gov

NewYork's Voluntary Cleanup Program **पर अतिरिक्त जानकारी के लिए निम्न पर जाएं:**
www.dec.ny.gov/chemical/8442.html

# स्वैच्छिक सफाई कार्यक्रम

स्थल पर निम्नलिखित संस्थागत नियंत्रणों को रखा गया है:

- स्थल प्रबंधन योजना
- भूगर्भजल उपयोग प्रतिबंध
- भूमि उपयोग प्रतिबंध
- प्रसंविदा प्रतिबंध

निम्नलिखित अभियंत्रिकीय नियंत्रणों को रखा गया है:

- आवरण प्रणाली
- यथास्थान जैवोपचारण प्रणाली

**अगला चरण:** एक जारी पत्र की उसकी रसीद के साथ, विशेष शर्तों के अधीन स्वयंसेवक की स्थल पर अथवा स्थल से आने वाली मलिनता के लिए सरकार के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं होती। एक जारी पत्र संशोधित या रद्द किया जा सकता है यदि, उदाहरण के लिए, NYSDEC के साथ समझौते अथवा आर्डर की शर्तों के अनुपालन में विफल होते है।

**स्थल विवरण एवं पृष्ठभूमि:** स्थल Jackson Heights, NY में 75-20 Astoria Boulevard पर स्थित संपत्ति का एक हिस्सा है, और लोट 50 के टैक्स ब्लॉक 1027 का हिस्सा है। यह स्थल आकार में लगभग 0.659 एकड़ है और स्थल चारदीवारी के अंदर कोई भवन स्थित नहीं है। स्थल ज्यादातर पक्का है और पार्किंग क्षेत्र के रूप में प्रयोग किया जाता है। स्थल 25th Avenue के उत्तर में और 77th Street के पश्चिम में स्थित है।

अतिरिक्त स्थल विवरण, पर्यावणीय एवं स्वास्थ्य मूल्यांकन सार समेत, NYSDEC की पर्यावरणीय स्थल उपचार डेटाबेस (स्थल ID, V00182 में एंटर कर) पर उपलब्ध है जो इस पर है:

http://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/index.cfm?pageid=3

**Voluntary Cleanup Program:** दूषित संपत्तियों के पुनर्विकास और पुनर्उपयोग में अक्सर बाधा डालने वाले पर्यावरणीय, कानूनी और वित्तीय बाधओं के समाधान के लिए New York's Voluntary Cleanup Program (VCP)। Voluntary Cleanup Program का निर्माण ब्राउनफील्ड्स की सफाई करने में निजीक्षेत्र को सार्वजनिक फंड के बजाय निजी फंड का प्रयोग कर स्थल को सुधारने के लिए सक्षम कर बढ़ाने और और "ग्रीनफील्ड" स्थल पर विकास के दबाव को कम करने के लिए किया गया था।

VCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें:

**http://www.dec.ny.gov/chemical/8442.html**

***हम आपको इस तथ्य पत्र को अपने पड़ोसियों और किरायदारों के साथ साझा करने, तथा/अथवा इस तथ्य पत्र को अन्य लोगों के देखने के लिए अपने भवन के प्रमुख क्षेत्र में पोस्ट करने के लिए प्रेरित करते हैं।***

ईमेल **द्वारा कार्यस्थल तथ्यपत्र प्राप्त करें**

कार्यस्थल जानकारी प्राप्त करें जैसा कि सीधे आपके ईमेल इनबॉक्स में भेजे गए इस तथ्य पत्र में है। NYSDEC आपको निम्न वेब पेज पर उपलब्ध एक या अधिक दूषित कार्यस्थल काउंटी ईमेल सूचीवर्धक में साइनअप करने के लिए आमंत्रित करता है:

www.dec.ny.gov/chemical/61092.html

यह तीव्र है, निःशुल्क है, और आपको बेहतर जानकारी रखने में सहायता करेगा। एक सूचीवर्धक सदस्य के रूप में, आपको समय-समय पर काउंटी(काउंटियों) में सभी दूषित कार्यस्थलों के लिए कार्यस्थल संबंधी जानकारी/घोषणाएं प्राप्त होंगी।

टिप्पणी: कृपया ध्यान न दें यदि आपने पहले से साइन अप किया है और इलैक्ट्रॉनिक रूप से यह तथ्य शीट प्राप्त की है।

# स्वैच्छिक सफाई कार्यक्रम

**चित्र 1 – स्थल स्थान मानचित्र**

